आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–22 मई 2025 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर से आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट करके पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। राजस्थान के बीकानेर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बातें कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने सशस्त्र बलों को कार्रवाई करने की पूरी छूट दी थी, इससे तीनों सेनाओं को अपने लक्ष्यों को पूरा करने में मदद मिली और पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर होना पड़ा।

22 अप्रैल को आतंकवादियों ने धर्म पूछकर हमारी बहनों की मांग का सिंदूर उजाड़ दिया था। हर देशवासी ने एकजुट होकर संकल्प लिया था कि आतंकवादियों को मिट्टी में मिला देंगे। तीनों सेनाओं ने मिलकर ऐसा चक्रव्यूह रचा कि पाकिस्तान को घुटना टेकाने के लिए मजबूर कर दिया।

प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि पाकिस्तान कभी भी भारत से प्रत्यक्ष युद्ध में नहीं जीत सकता, इसलिए वह आतंकवाद को बढ़ावा देकर छद्म युद्ध में शामिल है।

भारत ने साफ कर दिया है कि पाकिस्तान को हर आतंकी हमले की भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

पाकिस्तान के साथ न ट्रेड होगा न टॉक। अगर बात होगी, तो सिर्फ पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की और अगर पाकिस्तान ने आतंकियों के सपोर्ट करना जारी रखा, तो उसको पाई–पाई के लिए मोहताज होना होगा और दुनिया की कोई ताकत हमें इस संकल्प से डिगा नहीं सकती है।

इस अवसर पर, प्रधान मंत्री ने अठारह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के छियासी जिलों में एक सौ तीन पुनर्विकसित अमृत भारत स्टेशनों का उद्घाटन किया। प्रदेश में अमृत भारत योजना के तहत सर्वाधिक उन्नीस स्टेशनों का उन्नयन किया गया है।

इस अवसर पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में रेलवे में परिवर्तनकारी सुधार हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी अमृत भारत स्टेशनों के उद्घाटन समारोह से वर्चुअली जुड़े। अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के माध्यम से उन्होंने कहा कि अमृत भारत स्टेशन नये भारत के संकल्प को साकार करने वाले हैं। उन्होंने इन्हें गति और गौरव के उत्तम समन्वय का नया प्रतीक बताया।

प्रधानमंत्री ने आज प्रदेश के जिन अमृत भारत स्टेशनों का उद्घाटन किया उनमें उत्तर रेलवे के बिजनौर, सहारनपुर, उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज के करछना, कानपुर के गोविंदपुरी, पुखरायां, आगरा के ईदगाह जंक्शन, फतेहाबाद, गोवर्धन और उत्तर पूर्व रेलवे के मैलानी, गोंडा के स्वामी नारायण छपिया, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, गोला गोकर्ण नाथ स्टेशन, रामघाट हाल्ट, थावे, इज्जतनगर, बरेली सिटी, उझानी और हाथरस सिटी स्टेशन शामिल हैं।

****

आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से उत्साहित समग्र राष्ट्र भारतीय जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता के रूप में आकाशवाणी समाचार विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। इसी कड़ी में आज हम परमवीर चक्र विजेता सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल का स्मरण कर रहे हैं। एक रिपोर्ट–

1950 में पुणे, महाराष्ट्र में जन्मे सेकेण्ड लेफ्टिनेंट अरूण खेत्रपाल को जून 1971 में पूना होर्स रेजीमेंट में नियुक्त किया गया। 16 दिसंबर 1971 को दुश्मन ने धूएं के परदे की आड में सकरगट सेक्टर में खेत्रपाल को निशाना बनाकर जवाबी हमला किया। उन्होंने आह्वान का जवाब दिया और दुश्मन के हमले का सामना करने के लिए आगे बढे। सैनिकों पर दुश्मन ने भारी गोलीबारी की। सेकेण्ड लेफ्टिनेंट अरूण खेत्रपाल ने दुश्मन के उन ठिकानों पर जमकर हमला किया । दुश्मन के दूसरे हमले के दौरान इसके बाद भी भीषण टैंक युद्ध हुआ। दस दुश्मन टैंक नष्ट हो गए और उनमें से चार को सेकेंड लेफ्टिनेंट अरूण खेत्रपाल ने अकेले ही नष्ट कर दिया। उनके टैंक पर दुश्मन ने भारी गोलीबारी की और उसमें आग लग गई, लेकिन उन्होंने दुश्मन के टैंकों को नष्ट करना जारी रखा। उनके टैंक पर फिर से हमला हुआ और उन्होंने दुश्मन के उस इच्छित सफलता को वंचित करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। दुश्मन के सामने सबसे विशिष्ट वीरता के लिए सेकेण्ड लेफ्टिनेंट अरूण खेत्रपाल को 1972 में मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। राष्ट्र उन्हें नमन करता है। अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अन्तर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिये सामूहिक जिम्मेदारी और सहभागिता पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है।

****

प्रदेश के गोरखपुर और आसपास के जिलों समेत कई अन्य जिलों में आज गरज चमक के साथ तेज वर्षा होने से जनजीवन प्रभावित हुआ है। कई स्थानों से जानमाल के क्षति के भी समाचार मिले हैं। मौसम विभाग के अनुसार आगामी अट्ठाइस मई तक वर्षा का यह क्रम प्रदेश में कुछ स्थानों पर अभी भी जारी रहेगा।

****